## जिले की 10 ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे फॉलोअप शिविर

**नागौर।** ग्रामीण सेवा शिविर के फॉलोअप शिविर सोमवार,3 अगस्त को जिले की 10 ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे। शिविर नागौर की झाड़ीसरा, मूण्डवा की असावरी,जायल की छापड़ा एवं तंवरा,खींवसर की करणूं,मेड़ता की गगराना,डेगाना की गुणसली व मांझी तथा रियांबड़ी की भंवाल व सथाना कलां ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे।

## एनएच-927 ए पर वरदा पुलिस ने अवैध बजरी से भरा ओवरलोड ट्रेलर किया डिटेन, खनन विभाग करेगा जुर्माने की कार्यवाही




**संतोष व्यास@जस्टिस एम्बिट**

**डूंगरपुर।** अवैध खनन एवं बजरी के अवैध परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन पृथ्वी के तहत वरदा थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे एक




ओवरलोड ट्रेलर को डिटेन किया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, वरदा थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने डूंगरपुर-सागवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग 927ए पर कार्रवाई करते हुए ओवरलोड बजरी भरकर ले जा रहे एक ट्रेलर को जब्त कर लिया। पुलिस ने जब्त ट्रेलर को वरदा थाना परिसर में खड़ा करवा दिया है तथा अग्रिम कानूनी एवं जुर्माने की कार्रवाई हेतु डूंगरपुर खनन विभाग को सूचित कर दिया गया है।

# लाडनूं: सरकार की बड़ी-बड़ी योजनाएं, लेकिन खींवज के स्कूल में 10वीं-12वीं की पढ़ाई महज तृतीय श्रेणी शिक्षकों के भरोसे!

### शहीद शोहन लाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की कमी से शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल

**खींवज।** सरकार शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आए दिन नई-नई योजनाओं और घोषणाओं का ढिंढोरा पीट रही है, लेकिन धरातल पर तस्वीर कुछ और ही नजर आ रही है। शहीद शोहन लाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खींवज में शिक्षकों की कमी को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में चिंता बनी हुई है। बताया जा रहा है कि विद्यालय में 10वीं और 12वीं जैसे महत्वपूर्ण बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों की पढ़ाई भी पर्याप्त विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के अभाव में प्रभावित हो रही है। यदि इन कक्षाओं को पढ़ाने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से तृतीय श्रेणी शिक्षकों के भरोसे है, तो यह शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

#### बड़ी योजनाएं कागज पर, शिक्षक कक्षा में नहीं?

सरकार सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं की बात करती है। लेकिन सवाल यह है कि जब स्कूल में आवश्यक विषयों के पर्याप्त शिक्षक ही नहीं होंगे, तो इन योजनाओं का वास्तविक लाभ विद्यार्थियों को कैसे मिलेगा? बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में शिक्षकों की कमी सीधे तौर पर विद्यार्थियों की पढ़ाई, तैयारी और परिणाम को प्रभावित कर सकती है।

#### शिक्षा विभाग से जवाब मांग रहे अभिभावक

अभिभावकों का सवाल है कि विद्यालय में स्वीकृत शिक्षक पद कितने हैं? वर्तमान में कितने शिक्षक कार्यरत हैं? 10वीं और 12वीं के प्रत्येक विषय को पढ़ाने के लिए संबंधित विषय के शिक्षक उपलब्ध हैं या नहीं? यदि पद रिक्त हैं तो उन्हें भरने के लिए विभाग ने क्या कार्रवाई की? ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों के भविष्य के साथ प्रयोग नहीं होना चाहिए। सरकार और शिक्षा विभाग को कागजी योजनाओं के साथ-साथ विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध कराने पर भी उतना ही ध्यान देना चाहिए।

#### अब देखना होगा—विभाग कब जागेगा?

खींवज के अभिभावक और ग्रामीण शिक्षा विभाग से मांग कर रहे हैं कि विद्यालय की वास्तविक स्थिति की तत्काल जांच करवाई जाए और 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड कक्षाओं के लिए आवश्यक विषयवार शिक्षकों की व्यवस्था की जाए। बड़ा सवाल यह है कि सरकार योजनाएं तो बड़ी-बड़ी बना रही है, लेकिन खींवज के बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त शिक्षक कब मिलेंगे? बच्चों का भविष्य घोषणाओं से नहीं, कक्षा में मौजूद योग्य शिक्षकों से बनता है।

# स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के.के. गुप्ता की भीलवाड़ा में स्वच्छता समीक्षा बैठक

### 24 घंटे में परिवादों के निस्तारण और 3 दिन में सड़कें ठीक करने के कड़े निर्देश





**संतोष व्यास@जस्टिस एम्बिट**

**भीलवाड़ा/डूंगरपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के प्रदेश स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के.के. गुप्ता ने रविवार को भीलवाड़ा जिले के सभी नगर निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों की प्रगति, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, वृक्षारोपण तथा स्वच्छता व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह, नगर परिषद आयुक्त हेमाराम चौधरी सहित जिले के सभी निकायों के अधिशासी अधिकारी एवं विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रदेश ब्रांड एंबेसडर के.के. गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप शहरी सेवा शिविरों में आने वाले किसी भी परिवाद की 24 घंटे के भीतर समीक्षा कर नागरिक को जानकारी दी जाए और समस्या का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर जारी गाइडलाइन्स की शत-प्रतिशत पालना करने पर जोर दिया। शहर में कचरा प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए उन्होंने हर 500 घरों का एक ग्रुप बनाने, समय पर कचरा उठाने, कमर्शियल इलाकों में शाम को कचरा गाड़ियाँ चलाने और बल्क वेस्ट जनरेटरों का अनिवार्य पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। शहर के खाली भूखंडों (प्लाटों) में लग रहे गंदगी के ढेरों पर सख्त रुख अपनाते हुए गुप्ता ने कहा कि यदि भूखंड मालिक सफाई नहीं रखते हैं, तो नगर निगम सफाई करवाकर पूरा खर्च और पेनल्टी वसूले, साथ ही बार-बार लापरवाही बरतने पर भूखंड सीज करने की कार्रवाई की जाए। स्थानीय जनता द्वारा सड़कों पर गड्ढों की शिकायत करने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अगले 3 दिनों के भीतर सड़कों के सभी गड्ढे डामर या कंक्रीट से रिपेयर करने के त्वरित निर्देश दिए।

बैठक में के.के. गुप्ता ने डूंगरपुर मॉडल का उदाहरण देते हुए भीलवाड़ा में भी मंदिरों के चढ़ावे वाले फूलों से धूप और अगरबत्ती बनाने के नवाचार (ऋऋसेंटर) को अपनाने का सुझाव दिया। इसके अलावा, सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध, सार्वजनिक शौचालयों की दिन में तीन बार सफाई, आवारा पशुओं पर नियंत्रण, झीलों-तालाबों को प्रदूषण से बचाने तथा डंपिंग यार्ड में कचरा न जलाने जैसी व्यवस्थाओं को कड़ाई से लागू करने के निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री ने किया 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ, डूंगरपुर के युवाओं ने ली शपथ






**संतोष व्यास@जस्टिस एम्बिट**

**डूंगरपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'मेरा युवा भारत' द्वारा संचालित इस राष्ट्रव्यापी अभियान के सीधे प्रसारण को डूंगरपुर स्थित 'तपस' शैक्षिक पुनर्वास एवं अनुसंधान संस्थान में दिखाया गया, जहाँ बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि 'नशा मुक्त भारत' का संकल्प ही वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने का मजबूत आधार बनेगा। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर आगामी 100 सप्ताहों तक प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले अभियान की औपचारिक शुरुआत भी की गई। इसके तहत क्षेत्र में वॉकाथॉन, खेल, योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक जैसी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा और माय भारत के स्वयंसेवकों द्वारा पहले दोस्त, फिर आदत और आखिर में मालिक शीर्षक से प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित युवाओं और छात्र-छात्राओं ने समाज को पूरी तरह नशामुक्त बनाने की शपथ ली।

# डूंगरपुर में 16 अगस्त को युवाशंखनाद खेल महोत्सव, तैयारियों को लेकर संघ कार्यालय में हुई बैठक

**संतोष व्यास@जस्टिस एम्बिट**



**डूंगरपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के तत्वावधान में आगामी 16 अगस्त को युवाशंखनाद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन की पूर्व तैयारियों, व्यवस्थाओं और दायित्व विभाजन को लेकर संघ कार्यालय में व्यवस्थापकों की एक वृहत बैठक संपन्न हुई, जिसमें युवाओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने पर मंथन किया गया।

यह महोत्सव राजकीय कन्या महाविद्यालय से शुरू होकर भोगीलाल पण्ड्या राजकीय महाविद्यालय के खेल मैदान तक आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः शहीद पार्क पर युवाओं के एकत्रीकरण के साथ किया जाएगा, जिसके बाद प्रतिभागी विभिन्न बाधाओं से युक्त रोमांचक खेल प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाएंगे। बैठक में महोत्सव के संयोजक एवं नगर सहकार्यवाह भावेश भोई ने प्रोजेक्टर के माध्यम से खेल के विभिन्न चरणों और नियमों की विस्तृत जानकारी दी तथा सभी व्यवस्थापकों से समयबद्ध और सुव्यवस्थित ढंग से तैयारियां पूरी करने का आह्वान किया। इस खेल महोत्सव में जिलेभर से 1000 से अधिक युवाओं के शामिल होने की उम्मीद है। कार्यक्रम की पहुंच बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है, जो प्रत्यक्ष संपर्क अभियान चलाकर घर-घर जाकर युवाओं को आमंत्रित करेंगे। आयोजन में सभी समाजों के साथ-साथ विद्यालयों, महाविद्यालयों और छात्रावासों के विद्यार्थियों की व्यापक भागीदारी रहेगी।

महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभाव का जागरण, सामाजिक समरसता का विस्तार और विपरीत परिस्थितियों का साहसपूर्वक सामना करने की क्षमता विकसित करना है। साथ ही खेलों के जरिए उनमें अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना के संस्कार गढ़ना है। बैठक के अंत में सूचना-प्रसारण, आवास-भोजन, सुरक्षा, चिकित्सा, पंजीयन और खेल संचालन जैसी विभिन्न टोलियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं, जिस पर सभी व्यवस्थापकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।


# सामलिया-पाडवा रोड पर नाकाबंदी के दौरान 105 ग्राम गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**संतोष व्यास@जस्टिस एम्बिट**

**डूंगरपुर।** जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सरोदा थाना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने रविवार को नाकाबंदी के दौरान गांजे का अवैध परिवहन करते हुए एक आरोपी को धर दबोचा और उसके कब्जे से 105 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बरामद कर जब्त कर लिया है।

#### नाकाबंदी में हत्थे चढ़ा तस्कर

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को सरोदा



थानाधिकारी की अगुवाई में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा सामलिया-पाडवा रोड पर सघन नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में जा रहे एक व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 105 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने मामले में ईश्वर (उम्र 49 वर्ष) पुत्र पन्ना ननोमा, निवासी सुन्दरपुर थाना सरोदा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल सरोदा पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है कि वह यह गांजा कहां से खरीदकर लाया था और किसे सप्लाई करने जा रहा था।

# गोद लिए बेटे ने पहले मां का गला घोंटा, फिर खुद लगा ली फांसी

### शेयर बाजार में 45 लाख डूबने से था परेशान

**अहमदाबाद।** गुजरात के सूरत में 36 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी गोद लेने वाली मां की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी, फिर खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिससे पता चलता है कि वह शेयर बाजार में हुए भारी नुकसान के कारण गंभीर आर्थिक संकट में था। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि यह घटना शुक्रवार को वराछा के अश्विनीकुमार इलाके में ए.के. रोड स्थित रूपम सोसायटी में हुई। मृतकों की पहचान 36 वर्षीय जतिन सोनानी और उनकी 63 वर्षीय मां भानुबेन के रूप में हुई है।

#### पड़ोसियों को ऐसे हुआ शक

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार दोपहर तक जब घर का दरवाजा नहीं खुला और मां-बेटे में से कोई बाहर नहीं आया, तो पड़ोसियों को शक हुआ। दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब न मिलने के बाद, एक पड़ोसी ने खिड़की से झांककर देखा। अंदर भानुबेन बिस्तर पर मृत पड़ी थीं और जतिन कमरे में फंदे से लटक रहा था। इसके तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी गई। जांच के दौरान पुलिस ने मौके से एक रस्सी और रबर बैंड बरामद किया है।

#### सुसाइड नोट में 45 लाख के कर्ज का जिक्र

जांचकर्ताओं को घर से एक पेज का हाथ से लिखा सुसाइड नोट मिला है। पुलिस के अनुसार, इस नोट में आर्थिक तंगी और कर्ज का जिक्र है, साथ ही जतिन ने अपने परिवार वालों से माफी भी मांगी है। सुसाइड नोट में कथित तौर पर उन लोगों की एक विस्तृत सूची भी है, जिन्हें पैसे लौटाने थे। जतिन ने लिखा था कि शेयर बाजार में उस पर करीब 45 लाख रुपये का भारी कर्ज हो गया था और उसमें इतनी हिम्मत नहीं थी कि वह यह बात अपनी मां को बता सके।

